BSES
BSES Yamuna Power Limited
a joint venture with GONCTD

बीवाईपीएल की ओर से नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

संवाद

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

2025 NEW YEAR

जनवरी - 2025

एम्स में पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को बढ़ावा दे रही बीएसईएस

बीएसईएस और एम्स ने 213 एकड़ में फैले एम्स परिसर में पर्यावरण–अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए हाथ मिलाया है। अपने सीएसआर पहल के तहत बीएसईएस एम्स को 27 शून्य उत्सर्जन इलेक्ट्रिक बसें प्रदान कर रही है, जो मरीजों, उनके परिवारों, डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लिए परिसर में मुफ्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएंगी। यह साझेदारी न केवल यात्रा को आसान बनाएगी, बल्कि परिसर के कार्बन फुटप्रिंट को भी काफी हद तक कम करेगी, जिससे सभी के लिए एक हरित और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित होगा।

हाल ही में, पहले 11 इलेक्ट्रिक बसों को एम्स के निदेशक श्री एम श्रीनिवास और बीएसईएस नेतृत्व टीम, जिसमें बीएसईएस डायरेक्टर और ग्रुप सीईओ श्री अमल सिन्हा, बीएसईएस बोर्ड के डायरेक्टर श्री वी. एस. वर्मा और बीवाईपीएल सीईओ श्री अमरजीत सिंह भी शामिल थे– के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बाकी ई–बसें 31 मार्च तक चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएंगी। बीएसईएस का यह प्रयास 50 लाख घरों को रौशन करने के साथ–साथ समाज की उम्मीदों, आकांक्षाओं और सपनों को पूरा करने की उसकी दृष्टि को दर्शाता है।

बीएसईएस बनी कार्य करने के लिए बेहतरीन संस्था

बीएसईएस डिस्कॉम्स को पहली बार ग्रेट प्लेस टु वर्क® के रूप में प्रमाणित किया गया है। यह वैश्विक मान्यता बीएसईएस की, विश्वास, सहयोग और समावेशिता पर आधारित कार्यस्थल की संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह मील का पत्थर बीएसईएस के, कर्मचारी केंद्रित नीतियों और पेशेवर विकास को प्रोत्साहित करता है और साथ ही अपने कर्मचारियों को सशक्त बनाने तथा उत्कृष्टता की ओर निरंतर आगे बढ़ने की उसकी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

Great Place To Work®
Certified
DEC 2024-DEC 2025
INDIA

वैश्विक मंच पर सम्मान, आईसीक्यूसीसी श्रीलंका में बीएसईएस ने जीते 8 स्वर्ण पदक

बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) और बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल) ने श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में 11 से 14 नवंबर 2024 के बीच आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन फॉर क्वॉलिटी कंट्रोल सर्कल्स (आईसीक्यूसीसी) में 8 स्वर्ण पदक हासिल कर वैश्विक स्तर पर पहचान हासिल की। जापान, चीन और दक्षिण कोरिया सहित 14 देशों से 1000 टीमों और 2500 प्रतिनिधियों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए, सुधार परियोजनाओं में बीएसईएस की सभी 8 टीमों (बीआरपीएल–3 और बीवाईपीएल–5) ने उत्कृष्टता हासिल की। ये पुरस्कार बीएसईएस के इनोवेशन, दक्षता और टीमवर्क के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जो गुणवत्ता और उत्कृष्टता के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी जगह को मजबूत करते हैं।

फीडबैक
अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालयः शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032
सीआईएनः CIN:U40109DL2001PLC111525, फोनः 11–4124–7111/4124–9273, ईमेलः bypl.feedback@relianceada.com, वेबसाइटः www.bsesdelhi.com

मोबाइल ऐप, टोल फ्री और हेल्पलाइन नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

Available on the App Store | Available on the Android Market

टॉल फ्री 24x7 19122

एसएमएस 5616108

बिजली चोरी संबंधी 8588892156

बिजली गुल की शिकायत 8745999808

स्ट्रीटलाइट 41999808

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारा मुद्रित